समाचार

# स्पोर्ट्स अकादमी स्थापना की कवायद प्रारंभ

## (राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने ली विभिन्न खेल संघों की बैठक, मांगे सुझाव)





कोरबा 14 जनवरी 2021 –मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा कोरबा में की गई खेल अकादमी की स्थापना की घोषणा के परिपालन में स्पोर्ट्स अकादमी स्थापना हेतु कवायद प्रारंभ कर दी गई है। आज राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों की बैठक ली। अकादमी स्थापना व खेलों के विकास के संदर्भ में उनके सुझाव मांगे, खेल संघों द्वारा अपने सुझाव रखें गये।

यहां उल्लेखनीय है कि 04 जनवरी 2021 को कोरबा प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल की मांग पर अन्य प्रमुख घोषणाओं के साथ–साथ कोरबा में खेल अकादमी स्थापित किए जाने की घोषणा की थी। खेल अकादमी स्थापना के संबंध में प्रशासन द्वारा कवायद प्रारंभ कर दी गई है। इसी कड़ी में आज राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम परिसर में विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों की बैठक ली तथा इस संबंध में उनके सुझाव मांगे, जिस पर खेल संघ पदाधिकारियों द्वारा अपने–अपने सुझाव रखें गये। इस मौके पर राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि विभिन्न खेल संघों द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए हैं, जिससे स्पोर्ट्स अकादमी की स्थापना एवं खेलों के विकास में सहयोग मिलेगा, इन सभी सुझावों को संकलित कर इ स पर आगामी कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कहा कि ज्यादा से ज्यादा खेलों को अकादमी में शामिल किया जाएगा, खेल संबंधी सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया होगी तथा कोरबा में खेल अकादमी की स्थापना से खेलों के विकास, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण आदि के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी कोरबा जिले से तराशे जा सकेंगे। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पानी, बिजली एवं खेल सुविधाओं की बेहतरी की दिशा में लगातार कार्य कर रही है, निश्चित रूप से कोरबा जिला दूसरे जिलों की अपेक्षा सुविधाओं के मामले में बेहतर स्थिति में होगा, इसके लिए लगातार काम किए जा रहे हैं। इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि राजस्व मंत्री के प्रयासों से मुख्यमंत्री जी ने कोरबा में खेल अकादमी की घोषणा कर एक बड़ी सौगात हमारे जिले को दी है, जिसके लिए मैं हृदय से धन्यवाद देता हूँ। खेल अकादमी स्थापना के लिए क्या–क्या प्रतिमान व प्रावधापन होने चाहिए इस हेतु खेल संचालनालय से विशेषज्ञ नियुक्त किया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि

राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई घोषणाओं के त्वरित क्रियान्वयन के लिए गहरी सक्रियता दिखा रहे हैं, निश्चित रूप से जल्द ही कोरबा की बदली हुई तस्वीर हम सबको दिखेगी।

**खेल संघों ने दिए सुझाव, रखी मांगे**—बैठक के दौरान विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों ने खेलों के विकास व खेल अकादमी की स्थापना के संबंध में दर्जनों महत्वपूर्ण सुझाव रखें, साथ ही अपनी विभिन्न मांगों को भी प्रस्तुत किया। इन सभी सुझावों एवं मांगों को संकलित कर लिया गया है, जिस पर शासन प्रशासन द्वारा त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। संघों द्वारा रखे गए सुझावों में विभिन्न खेलों हेतु स्थलों का विकास, खेल सुविधाओं का विस्तार, खेल परिसरों के उचित संचालन की व्यवस्था, विभिन्न सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठानों की खेल गतिविधियों में सहभागिता, कोरबा में खेल क्षेत्र मुख्यालय की स्थापना सहित फुटबाल, व्हालीबाल, एथलेटिक्स, हैण्डबाल, मार्शल आर्ट्स, तीरन्दाजी, कबड्डी, खो—खो, तैराकी, लान टेनिस, बैडमिंटन, हाकी, शूटिंग, बेसबाल, ताईक्वांडो, बाडी बिल्डर्स, क्रिकेट सहित अन्य खेलों के विकास व सुविधाओं के संबंध में दर्जनों मांगे रखी गई।

बैठक में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, आयुक्त श्री एस.जयवर्धन, अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री आशीष देवांगन, मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, अमरजीत सिंह, कृपाराम साहू, पालूराम साहू, पार्षद संतोष लांझेकर, जिला खेल अधिकारी आर.के.पाण्डेय, खेल अधिकारी आर.के.साहू, खेल संघों के पदाधिकारीगण श्री नौशाद खान, श्री सुरेश क्रिस्टोफर, श्री अवधेश सिंह ठाकुर, श्रीमती मधु पाण्डेय, श्री गोपाल शर्मा, श्री गुलशन अरोरा, श्री टण्डन, नूतन सिंह ठाकुर, बी.बी.साहू, अनिल द्विवेदी, नसीम अख्तर खान, जीत सिंह, सुरेश सिंह पवार, तारकेश मिश्रा, डी.शेखर, श्रुति यादव, मीना पासी, आदर्श दिवाकर, हेमंत गाडेश्वर, कमलेश देवांगन, राजेश पाण्डेय, जितेन्द्र साहू आदि सहित खेल संघों के अन्य पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे।